

श्री शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन

# 'आनंद 'उत्सव

## खेलों का आनंद

**1 साल**

12 दिसम्बर 2017 से 12 जनवरी 2018




आलोक
**सभा**
का आयोजन

स्वच्छ, सुन्दर एवं विकसित देश
जनहित में समर्पित अपना मध्यप्रदेश




E mail : aloksanjar.mp@gmail.com

@aloksanjar
9425005952

भोपाल के जन सेवक **आलोक संजर**
सांसद, भोपाल लोकसभा

आनंद उत्सव

12 दिसम्बर 2017 से
12 जनवरी 2018



“ मध्यप्रदेश के जन–जन का जीवन आनंदमयी एवं परिपूर्ण बनाने के उद्देश्य से गठित **‘आनंद विभाग’** अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध है। गाँव–गाँव में खेलकूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से आनंद का प्रसार बढ़ाने की दिशा में यह एक सार्थक कदम होगा।

आनंद विभाग का गठन करने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। सिर्फ भौतिक सुख–सुविधाओं से सच्चे आनंद की प्राप्ति संभव नहीं है। ध्यान, योग, खेलकूद, अच्छे साहित्य के अध्ययन और सत्संग के माध्यम से हमारे भीतर आत्मिक आनंद के स्रोत खुलते हैं। आशा है कि आनंद उत्सव इस दिशा में सार्थक सिद्ध होगा। राज्य का पूर्ण विकास नागरिकों की मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक उन्नति एवं प्रसन्नता से ही संभव है। ”

**शिवराज सिंह चौहान**

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

# प्रस्तावना

**"आनंद विभाग"** देश में अपनी तरह की अनूठी पहल है। जिसका उद्देश्य आनंद एवं कुशलता के पैमाने की पहचान करना, उन्हें परिभाषित करना तथा उनका क्रियान्वयन कर जन–जन का जीवन आनंदमयी बनाना है। सांस्कृतिक आयोजन तथा खेल, मानव की मानसिक, शारीरिक एवं भावनात्मक सकुशलता बढ़ाने में मुख्य कारक हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ तथा अनेक देशों में नागरिकों के आनंद की स्थिति के आंकलन के लिए अपनाए गए पैमानों का अध्ययन किया जा रहा है, ताकि उनकी अवधारणाओं को भी यथोचित और यथासंभव स्थान राज्य के हैप्पीनेस इण्डेक्स के घटकों में दिया जा सके। हमारी गतिविधियाँ भारतीय परम्परा में आनंद की अवधारणा पर केंद्रित रहेंगी।

भोपाल लोकसभा क्षेत्र में 12 दिसंबर 2017 से 12 जनवरी 2018 तक प्रत्येक वार्ड अथवा पंचायत स्तरीय आनंद उत्सव मनाने का निर्णय आलोक सभा ने लिया है। लोक सभा के भाई बहन अपने मोहल्ले गांव में नियोजित तरीके से खेल कूद एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को स्वेता आयोजन कर उन का आनंद लेंगे यह आयोजन सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से वार्ड में पंचायतों में किया जा रहा है।








राज्य शासन ने आनंद विभाग तथा उसके अंतर्गत पंजीकृत सोसाइटी के रूप में राज्य आनंद संस्थान का गठन किया है। जो शासकीय अशासकीय संस्थाओं के माध्यम से ऐसी विभिन्न गतिविधियों का संचालन करेगा जो हमें परिपूर्ण जीवन जीने की कला सिखा सकेगी ।

आनंद उत्सव इन गतिविधियों की श्रंखला की एक कड़ी है। जिस का आयोजन आलोक सभा द्वारा भोपाल लोकसभा क्षेत्र में 12 दिसंबर 2017 से 12 जनवरी 2018 के बीच प्रत्येक वार्ड अथवा पंचायत स्तर पर किया जा रहा है।

## आनंद उत्सव की रूपरेखा निम्न अनुसार होगी :–

भोपाल लोकसभा के प्रत्येक वार्ड अथवा पंचायत स्तर पर सांस्कृतिक तथा खेलकूद की गतिविधियों का आयोजन 12 दिसंबर 2017 से 12 जनवरी 2018 के बीच आनंद उत्सव के रूप में आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत खेलकूद तथा सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन होगा। आयोजन इस प्रकार से होंगे कि सभी आयु वर्ग की महिला एवं पुरुषों को भागीदारी करने का अवसर मिले। यहां आयोजन वार्ड अथवा पंचायतों में सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से होगा। इसमें भाग लेने वालों के बीच प्रतिस्पर्धात्मक सांस्कृतिक तथा खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किये जाएगें ।

## आनंद उत्सव में आयोजन की प्रक्रिया :–

सांसद श्री आलोक संजर अपनी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड अथवा पंचायत में आनन्द उत्सव का आयोजन करने के लिए 'आनंद मित्र' (स्वयंसेवक) की नियुक्ति करेंगे।

'आनंद मित्र' अपने क्षेत्र के वार्ड अथवा पंचायतों की परिस्थितियों को देखते हुए स्वयं अपना आनंद समूह बनाकर चयनित गतिविधि के कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। और कार्यक्रम आयोजित करने वाली समाजिक संस्था का सहयोग करेंगे। अधिक जनसंख्या वाले वार्ड अथवा पंचायतों को एक से अधिक कार्यक्रम आयोजित करने के लिए चुना जा सकता है, अर्थात उन्हें किसी एक समाजिक संस्था में शामिल न किया जा कर दूसरी अन्य समाजिक संस्था के माध्यम से अलग स्थान का चयन कर कार्यक्रम आयोजित कर सकते है। प्रत्येक संस्था के द्वारा कार्यक्रम के आयोजन के लिए रु. १०,००० की राशि का व्यय किया जा सकेगा। इस हेतु माननीय सांसद श्री आलोक संजर के द्वारा अनुशंसा की जायेगी।

आनन्द उत्सव कार्यक्रम आयोजित करने वाली संस्था के लिए एक आनंद मित्र सहयोग हेतु नियुक्त किया जाएगा। आनंद मित्र किसी भी क्षेत्र से हो सकते हैं परंतु उनकी इस प्रकार की गतिविधियों में रूचि होना चाहिए। आनंद मित्र सामाजिक संस्थाओं को चयनित गतिविधि पर कार्यक्रम के आयोजन करने के संबंध में जानकारी देंने में सहयोग करेंगे। आनन्द उत्सव की जानकारी संबंधित मार्गदर्शिका से भी प्राप्त की जा सकती है।

प्रत्येक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आवश्यक है कि आयोजन करने वाली संस्था के द्वारा ऐसे युवक युवतियों का चयन किया जाए जो रुचि लेकर आनंद मित्र (स्वयं सेवक) के रूप में कार्य करने के लिए तैयार हो। यह चयन जितना सही होगा उतना बेहतर आयोजन संभव रहेगा। इसका चयन स्थानीय विधायक, पार्षद, सरपंच या उस स्थान के प्रभावशील समाजिक व्यक्तियों से चर्चा उपरांत किया जाना श्रेष्ठकर होगा।




आनंद उत्सव के आयोजन हेतु सर्व प्रथम समाजिक संस्थाओं को अपना (निःशुल्क) पंजीयन कराना आवश्यक होगा।

आयोजक सामाजिक संस्थाओं को उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रमों के फोटो तथा 20–30 सेकेंड का वीडियो क्लिपिंग आलोक सभा आनंद उत्सव के पेज पर अपलोड किया जाए साथ ही वार्ड अथवा पंचायत के आयोजन संबंधित जानकारी फोटो क्लिपिंग, समाचार के साथ संस्था के अधिकारी का नाम पदनाम, प्रतियोगिता के विजेता तथा अन्य सभी सहयोगी सदस्यों की पूर्ण जानकारी सांसद कार्यालय को भेजें कि वह किस कार्यक्रम से संबंधित है। प्रतियोगिता के विजेता तथा भाग लेने वाले सभी सदस्यों को प्रमाण–पत्र कार्यक्रम के तत्काल बाद मुख्य अतिथि द्वारा वितरण कराये जाये। मुख्य अतिथि के रुप में स्थानीय विधायक, पार्षद, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, जनपद अध्यक्ष, सरपंच जनप्रतिनिधि को आमंत्रित किया जाना चाहिए। जिससे वह सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचा सके।

प्रत्येक वार्ड अथवा पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों के पर्यवेक्षण के लिए लोकसभा स्तर पर एक समिति गठित की जाएगी। समिति में प्रभारी आनंद मित्र, समन्वयक के रूप में स्थानीय पार्षद अथवा पंचायत के सरपंच, गणमान्य समाजसेवी, आयोजक सामाजिक संस्था के पदाधिकारी, मनोनीत आनंद मित्र को रखा जाएगा।

आनन्द उत्सव में समाजिक संस्थाओं के द्वारा जो उत्कृष्ट कार्यक्रम आयोजित किये उसका विस्तृत ब्यौरा सम्बंधित कार्यालयः को प्रेषित करना होंगा। इस प्रतिवेदन में उन कारणों को स्पष्ट उल्लेख किया जाए जिसके आधार पर वार्ड अथवा पंचायत के उक्त समूह अथवा आयोजक संस्था का चयन किया गया है। ऐसे वार्ड अथवा पंचायतों के समूह अथवा आयोजक संस्था को लोकसभा स्तर पर सांसद श्री आलोक संजर अथवा उनके द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि के द्वारा आनन्द उत्सव पुरस्कार समारोह के लिए नामांकित किया जाएगा।

आनन्द उत्सव पुरस्कार समारोह का मुख्य कार्यक्रम 12 जनवरी 2018 के उपरांत किया जाएगा। इस कार्यक्रम की रूप रेखा भोपाल सांसद श्री आलोक संजर करेंगे। जिसका व्यापक प्रचार–प्रसार पूरी लोकसभा क्षेत्र में किया जाएगा। आनंद उत्सव कार्यक्रम के फोटो क्लिपिंग आनंद की वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे ऐसी क्लिपिंग के साथ वार्ड अथवा पंचायत का नाम स्पष्ट रुप दिया जाएगा अथवा किसी क्षेत्र में एक से अधिक दिवस के कार्यक्रम आयोजन करना आवश्यक समझा जाए तो तदनुसार निर्णय श्री सांसद आलोक संजर ले सकेंगे। आनद उत्सव पुरस्कार समारोह का आयोजन स्थानीय प्रतिनिधि तथा आनद मित्र स्वयंसेवकों के सहयोग से किया जायेगा।




## आनंद मित्र पंजीकरण :–

आनंद उत्सव में आनंद मित्र बनने के लिये इच्छुक व्यक्ति को अपना पंजीयन कराना होगा और जो आनंद मित्र इस कार्यक्रम के आयोजन में रुचि से भाग ले रहे हैं उन्हें आनद विभाग की बेव साइट पर पंजीकृत किया जायेगा ताकि वह भविष्य में होने वाली विभिन्न गतिविधियों में प्रभावी भूमिका अदा कर सके ।

आनन्द उत्सव के माध्यम से दूसरों को आनंदित करने के लिये इच्छुक व्यक्ति आनन्द मित्र के रूप में अपना पंजीयन कर सकते हैं। आनंद उत्सव से सम्बंधित सभी जानकारी आनन्द मित्र को हमारे द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी जिससे मनोनित आनंद मित्र समाजिक संस्था व अन्य लोगों को कैसे योजना से जोड़ सकते हैं ।

इसमें इच्छुक व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन और विभिन्न सांस्कृतिक संगठन इसमें भाग ले सकते हैं। वे आवेदन कर आनद मित्र के माध्यम से इस कार्यक्रम आयोजित करने के बारे में जानकारी प्राप्त कर आयोजन कर सकते हैं।

आनंद उत्सव एक पूरी तरह से स्वैच्छिक आयोजन है । इच्छुक व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन आनंद उत्सव की गतिविधियों को चयन कर सकते हैं और छोटा या बड़ा कार्यक्रम आयोजित कर सकते है।

आनंद उत्सव भोपाल लोकसभा के वार्ड और पंचायत स्तर पर शुरू किया जा रहा है। इच्छुक व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन जो आनंद उत्सव आयोजित करना चाहते हैं उन्हें इसके लिए अपना या अपनी संस्था का पंजीयन करना आवश्यक होगा

आनन्द उत्सव गैर सरकारी संगठनों के माध्यम से और इच्छुक व्यक्तियों की भागीदारी से अपने अपने क्षेत्र में कार्यक्रम आयोजित करेगी। संस्था समूह बनाकर वार्ड अथवा पंचायत के क्षेत्रों में आयोजन करेगी। आनंद उत्सव में संस्था को आमलोगों का प्राप्त समर्थन करने के लिए आयोजन विभिन्न आसान तरीके खोज कर आमलोगों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जायेंगा।

शैक्षणिक और व्यापारिक संगठन भी इसमें भाग ले सकते हैं। वे इस आनंद उत्सव की मेजबानी करके वे संस्था का समर्थन कर सकते हैं और लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। यह एक आनंद का कार्यक्रम है जहां अधिक लोग को आनंद की अनुभूति होगी वे सभी अपनी रूचि से आनंद उत्सव में भाग ले सकते हैं।

आनन्द उत्सव कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी हेतु बी 19 , 74 बंगला, दयानद नगर, भोपाल में संपर्क किया जा सकता हैं और इसमें इच्छुक व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन आनंद उत्सव के पंजीयन के लिए क्या आवश्यक जरूरतें हैं इसकी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं । इसमें बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को कैसे आनंद उत्सव के माध्यम से आनंदित करें आदि जानकारी शामिल है ।

# आनन्द उत्सव में गतिविधियों का चयन

भोपाल लोकसभा के प्रत्येक वार्ड अथवा पंचायत स्तर पर आनन्ददायी सांस्कृतिक तथा खेलकूद गतिविधियों का आयोजन कराया जाना है। आप सांस्कृतिक तथा खेलकूद गतिविधि का स्वतः चयन कर सकते हैं। उदाहरण स्वरुप निम्न गतिविधि का चयन किया जा सकता है।

1. 100 मी. एवं 200 मी. दौड़
2. कबड्डी
3. खो-खो
4. रस्साकशी
5. कुश्ती
6. कुर्सी दौड़
7. चम्मच दौड़/नींबू दौड़
8. बोरा रेस
9. गायन
10. नृत्य
11. अभिनय
12. कोई भी अन्य गतिविधि जिसे स्थानीय स्तर पर चयन किया जाए।

उक्त समस्त विधाओं में महिलाओं एवं पुरुषों के 03 आयु समूह वर्गों में स्पर्धाएं आयोजित की जा सकती हैं।

**प्रथम समूह**
**18 वर्ष आयु तक**

**द्वितीय समूह**
**18 से 35 वर्ष आयु तक**

**तृतीय समूह**
**35 वर्ष से अधिक आयु**



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
अमित शाह
राष्ट्रीय अध्यक्ष, भाजपा
नन्दकुमार सिंह चौहान
प्रदेश अध्यक्ष, भाजपा म.प्र.
बाबूलाल गौर
विधायक गोविन्दपुरा
उमाशंकर गुप्ता
मंत्री म.प्र. शासन, विधायक दक्षिण-पश्चिम
विश्वास सारंग
राज्यमंत्री म.प्र. शासन,विधायक नरेला
सुरेन्द्रनाथ सिंह
जिलाध्यक्ष, भाजपा, विधायक मध्य
आलोक शर्मा
महापौर, नगर निगम भोपाल
रामेश्वर शर्मा
विधायक हुजूर
विष्णु खत्री
विधायक बैरसिया
आनंद उत्सव
खेलों का आनंद
शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, म.प्र. शासन
12 दिसम्बर 2017 से 12 जनवरी 2018 तक भोपाल लोकसभा में
भोपाल के जन सेवक आलोक संजर

# आनंद उत्सव से जुड़ने के लिए तथा आनंद मित्र के रूप में आनंद की गतिविधियों में सक्रिय होने के लिए संपर्क करें

## सामाजिक संस्था के आवेदन हेतु

संस्था का नाम - ______________________________

पत्र व्यवहार का पता - ______________________________

पंजीयन क्रमांक - ______________________________

अध्यक्ष का नाम - ______________________________

मोबाइल नंबर - _________ whatsapp No. - ________ ई-मेल आईडी - ______________

संस्था के मुख्य तीन उद्देश्य - ______________________________

संस्था के सदस्यों के नाम ______________________ सम्पर्क सूत्र - ____________

आनन्द उत्सव में खेलकूद / सांस्कृतिक (श्रेणी चिन्हित करें) गतिविधि कराना चाहते है।

चयनित गतिविधि - ______________________________

वार्ड अथवा पंचायत क्रमांक - ______________________________

______________________________

आनन्द उत्सव कार्यक्रम आयोजित करने की दिनांक -

कार्यक्रम स्थल - ______________________________

आयु वर्ग और अनुमानित लोगों की संख्या पुरुष ________ महिला ________ बच्चे ________

आदि जानकारी के साथ आवेदन करें।

**आलोकसभा**

आनंद उत्सव

12 दिसम्बर 2017 से 12 जनवरी 2018

बी-19, 74 बंगला, दयानंद नगर, भोपाल

दूरभाष 0755 2570607